इंजीनियरी एवं यातायात सर्वेक्षण 1977 में पूरे किये गये हैं। यह सत्य है कि एक बांध के स्थान का परिहार करने के लिए मार्ग-निर्धारित में करना पड़ा। सर्वेक्षण दल द्वारा निम्नलिखित दो मार्ग-निर्धारणों के सर्वेक्षण किये गये थे :—

(1) शिवगढ़, बजना होते हुए रतलाम से बांसवाड़ा तक 78.76 कि० मी० लम्बी लाइन अनुमानित लागत 24.55 करोड़ रुपये ; और

(2) सैलाना, दानपुर, सरवर्ण होते हुए रतलाम से बांसवाड़ा तक 95.13 कि० मी० लम्बी नयी लाइन, अनुमानित लागत 34.26 करोड़ रुपये ।

पहाड़ी तराई होने के कारण दोनों ही मामलों में निर्माण की लागत बहुत अधिक है और इसके तत्काल निर्माण के औचित्य को सिद्ध करने के लिए इस लाइन पर पर्याप्त यातायात उपलब्ध होने की प्रत्याशा नहीं है और पूंजी निवेश पर प्रतिफल न होने के बराबर होगा ।

गैस सिलिण्डरों की कीमत

30. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा** : क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि सिलिण्डरों की कीमत मनमाने तरीके से वसूल की जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) क्या सरकार उपभोक्ताओं को गैस कनेक्शनों सहित गैस सिलिण्डर उचित कीमत पर उपलब्ध करेगी ?

पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) सरकार द्वारा विभिन्न स्थानों के लिए सिलैण्डरों के मूल्य तय किये गये हैं। जब गैस कनैक्शन नये ग्राहकों को दिये जाते हैं, तो उनसे अन्य प्रभारों सहित सिलैण्डरों का समान मूल्य वसूल किये जाते हैं, जो नये कनैक्शनों के लिए लागू होते हैं ।

आयात की गई औषधियों का कुल मूल्य

31. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय** : क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1976–77 और 1977 के अन्त तक आयात की गई औषधियों का कुल मूल्य क्या है ;

(ख) इन औषधियों के नाम क्या हैं ; और

(ग) क्या ये औषधियां देश में ही नहीं बनाई जा सकती हैं ;

पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) 1976–77 के दौरान आयात की गई प्रपुंज औषध, तैयार सूत्रयोग और औषध मध्यवर्ती पदार्थों/रसायनों का कुल मूल्य लगभग 54.5 करोड़ रुपये है । अप्रैल-नवम्बर, 1977 अवधि के दौरान, ऐसा आयात लगभग 53 करोड़ रुपयों का है दिसम्बर, 1977 के लिए आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं है ।

10 लाख रुपयों से अधिक मूल्य वाले मुख्य औषध पदार्थों जिनका आयात 1976-77 के दौरान हुआ था का विवरण संलग्न हैं ।